

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रैलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I<sup></sup> ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 11 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 11 नवंबर का इतिहास

- **1956 :** राजधानी दिल्ली केंद्र शासित राज्य बना।
- **1675 :** गुरु गोबिंद सिंह सिक्खों के गुरू नियुक्त हुए थे।
- **1913 :** स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरूआत की।
- **1950 :** भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
- **1956 :** भाषा के आधार पर मध्यप्रदेश का गठन किया गया।
- **1973 :** पहली अंतर्राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी नई दिल्ली मे शुरू।

## 11नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि इस वर्ष भारत 15 नवंबर 2022 को स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में जनजातीय गौरव दिवस को भव्य तरीके से मनाएगा। जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिया गया एक नाम था। भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले उत्सव के हिस्से के रूप में भारत सरकार आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करेगी।
- वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग ने पीपीपी परियोजनाओं के परियोजना विकास व्यय के लिए वित्तीय सहायता हेतु इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट डेवलपमेंट फंड स्कीम को अधिसूचित किया है। इस योजना के तहत परियोजना प्रायोजक प्राधिकरणों को 5 करोड़ रूपये तक की सहायता मिलेगी। अधिसूचना के अनुसार परियोजना विकास लागत को पूरा करने के लिए धन उपलब्ध होगा। परियोजना विकास लागत में पीएसए द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन, पर्यावरण प्रभाव अध्ययन, वित्तीय संरचना, कानूनी समीक्षा और परियोजना प्रलेखन के विकास, रियायत समझौते आदि के संबंध में किए गए खर्च शामिल हो सकते हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण की वैधता पर मुहर लगा दी है। यह फैसला चीफ जस्टिस यू.यू. ललित के नेतृत्व में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने सुनाया। इस मुद्दे पर जजों के बीच भी मतभिन्नता देखने को मिली और यह फैसला 3:2 के बहुमत से सुनाया गया। इस फैसले के बाद संविधान के 103वें संशोधन की वैधता पर मुहर लग गई है।
- रिलायंस स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने केवी कामथ को गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कंपनी की ओर से जानकारी दी गई है कि आरएसआईएल का नाम भी बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज कर दिया जाएगा और इसे सूचीबद्ध कराया जाएगा। केवी कामथ नेएफएसएल के स्वतंत्र निदेशक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम करना जारी रखेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने केवी कामथ को पांच वर्ष की अवधि के लिए अपने बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।
- विश्व की पहली वैदिक घड़ी काल गणना के केंद्र माने गए मध्यप्रदेश में उज्जैन के जंतर-मंतर यानी जीवाजी वेधशाला में अगले वर्ष 22 मार्च को गुड़ी पड़वा यानी नव संवत्सरारंभ पर लगाई जाएगी। जिस टावर पर घड़ी लगेगी, उसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और महापौर मुकेश टटवाल ने किया। इस क्लाक टावर का निर्माण एक करोड़ 58 लाख रूपये से किया जाएगा।
- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नौसेना प्रमुखों ने जापान में मुलाकात की और मालाबार युद्धाभ्यास के भविष्य के संस्करणों में अंतर-संचालन को और अधिक बढ़ाने पर विचार विमर्श किया। यह मीटिंग कुछ हफ्तों में जापान द्वारा आयोजित की जाने वाली मालाबार युद्धाभ्यास बहुपक्षीय सीरीज से पहले हो रही है। भारतीय नौसेनाध्यक्ष जापान समुद्री आत्मरक्षा बल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में भी भाग लेंगे।
- सरकार ने चीनी सीजन 2022-23 के दौरान 60 लाख मीट्रिक टन तक चीनी के निर्यात की अनुमति दी। सरकार ने यह फैसला देश में चीनी की कीमत की स्थिरता और चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति को संतुलित करने के उपाय के रूप में लिया है। चीनी मिले आदेश जारी होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर आंशिक रूप से या पूरी तरह से कोटा सरेंडर करने का निर्णय ले सकती हैं या वे 60 दिनों के भीतर घरेलू कोटे के साथ निर्यात कोटा स्वैप कर सकती है।
- भारतीय सेना ने रक्षा खरीद की मेक-II पहल के तहत भारतीय उद्योगों द्वारा विकसित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी हेतु पांच परियोजना स्वीकृति आदेशों को मंजूरी दी है। मेक-II परियोजनाएं अनिवार्य रूप से उद्योग द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएँ हैं जिनमें प्रोटोटाइप के विकास के लिए भारतीय विक्रेताओं द्वारा डिजाइन एवं विकसित किये गए नवीन समाधान शामिल हैं।
- अनुभवी सौरव घोषाल की अगुवाई में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने दक्षिण कोरिया के चेउंग्जू में स्वर्णिम सफलता हासिल की। उसने एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के फाइनल में कुवैत को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।
- हिंदी साहित्य के वरिष्ठ आलोचक और नामी लेखक मैनेजर पाण्डेय का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 नवंबर (B) 12 नवंबर
(C) 13 नवंबर (D) 14 नवंबर

**(A)** हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। 11 सितंबर 2008 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने घोषणा की, कि मंत्रालय ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए भारत के इस महान सपूत का जन्मदिन मनाने का फैसला किया है।




**2. हाल ही में किस राज्य के वन विभाग और यूएसएआईडी ने ट्रीज आउटसाइड फॉरेस्ट इन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया ?**

(A) गुजरात (B) पंजाब
(C) हरियाणा (D) तेलंगाना

**(C)** हरियाणा में वन आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के वन विभाग और अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी ने नई पहली शुरू करते हुए हरियाणा में ट्रीज आउटसाइड फॉरेस्ट इन इंडिया कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके माध्यम से कियानों, कंपनियों और अन्य निजी संस्थानों को साथ लाकर राज्य में पारंपरिक वन क्षेत्रों के बाहरी क्षेत्र में वन आवरण का तेजी से विस्तार किया जाएगा।



**3. हाल ही में पंचायती राज की ग्रामीण विकास एजेंडा पुस्तिका का अनावरण किसने किया?**

(A) गिरिराज सिंह (B) धर्मेंद्र प्रधान
(C) एस.जयशंकर (D) राजनाथ सिंह

**(A)** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने ग्रामीण विकास के लिए पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों के लिए कारवाई की कार्यसूची पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तिका में मनरेगा, दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि जैसी सभी योजनाओं की जानकारी दी गई है, जो प्रतिनिध और आम जनता के लिए उपलब्ध होगी।



**4. सरकार ने किस देश में दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय औषधि डेटाबेस बनाने का निर्णय लिया है ?**

(A) जापान (B) पाकिस्तान
(C) इंग्लैंड (D) भारत

**(D)** सरकार भारत में बिकने वाली सभी दवाओं के फॉर्मूलेशन पर एक व्यापक डेटाबेस तैयार करेगी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय औषधि डेटाबेस बनाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति भारत में निर्मित और विपणन किए जाने वाले दवा फॉर्मूलेशन के व्यापक डेटाबेस के संबंध में सिफारिशें करेगी।



**5. हाल ही में वित्त वर्ष 2023 में रूस किस देश के पिग आयरन का सबसे बड़ा आयातक बना है ?**

(A) भारत (B) अमेरिका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में रूस भारत का पिग आयरन का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। इस वित्तीय वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए, भारत का पिग आयरन का सबसे बड़ा निर्यातक रूस बन गया है। पिग आयरन इस्पात बनाने वाला मुख्य कच्चा माल हैं। इस अवधि के दौरान भारत में लगभग 31,700 टन पिग आयरन का आयात किया गया, जिसमें से लगभग 84% रूस से था।






**6. हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किस राज्य के आणंद और मेहसाणा जिलो में रहने वाले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का आदेश दिया ?**

(A) गुजरात (B) बिहार

(C) हिमाचल प्रदेश (D) ओडिशा

**(A)** गृह मंत्रालय की अधिसूचना गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलो में रहने वाले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयो को नागरिकता प्रदान करती है। यह आदेश जिला कलेक्टरों को नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत इन अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने का अधिकार देता है।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने ई-उपहार पोर्टल और सीएम डैश बोर्ड लॉन्च किया?**

(A) बिहार (B) ओडिशा

(C) हरियाणा (D) सिक्किम

**(C)** हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम डैशबोर्ड और सीएम उपहार पोर्टल को लॉन्च किया। सीएम डैशबोर्ड पोर्टल से सभी विभागों की वास्तविक समीक्षा की जा सकेगी। समीक्षा के दौरान अधिकारियों को मौजूद नही रहना होगा। किस अधिकारी व विभाग ने तय समय में काम किया, कितने डिफाल्टर हुए, कौनसे काम में देरी हुई, यह सब मुख्यमंत्री को ऑनलाइन दिखेगा।



**8. नवंबर 2022 में पृथ्वी से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे शक्तिशाली रॉकेट कौनसा है ?**

(A) अग्नि (B) फाल्कन हेवी

(C) हुआ ली (D) कलर्ड

**(B)** स्पेसएक्स ने अपना फाल्कन हेवी रॉकेट लॉन्च किया, जिसने कई अमेरिकी सैन्य उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया। इस रॉकेट का वजन दो स्पेस शटर के वजन के बराबर है, जिसका वजन 63.8 टन है। 230 फुट लंबे इस रॉकेट में 27 मर्लिन इंजन लगे हैं, जो इस दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट बनाता है।



**9. हाल ही में किस प्रसिद्ध मलयालम कथा लेखक को केरल सरकार के प्रतिष्ठित एजुथाचन पुरस्कार के लिए चुना गया है ?**

(A) ए. सेतुमाधवन (B) सोनिक देशमुख

(C) दिनेश लाम्बा (D) येदयुरप्पा

**(A)** पेशे से एक बैंकर 80 वर्षीय ए. सेतुमाधवन की प्रसिद्ध कृतियों में पांडव पुरम और अत्यालगल और पेटीस्वपनगल और सेथुविते कथकल शामिल हैं। सेतुमाधवन उपन्यास और लघु कथाओं दोनों के लिए केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार और केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी हैं।



**10. हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा विधायक जंबे ताशी का निधन हो गया वह किस राज्य की लुमला सीट से तीन बार विधायक रहे ?**

(A) ओडिशा (B) केरल

(C) अरूणाचल प्रदेश (D) उत्तरप्रदेश

**(C)** लुमला सीट से तीन बार विधायक रहे ताशी भाजपा के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य भी थे। ताशी 2009 में कांग्रेस के टिकट पर तवांग जिले के लुमला विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध चुन गए थे। उन्हें 2014 में फिर से चुना गया था। उन्होंने भाजपा के टिकट पर 2019 का राज्य चुनाव जीता था।